EDII

Bhaskar News

March 21, 2024
Singrauli Waidhan

5 दिवसीय मसाला उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

भास्कर न्यूज | सिंगरौली (वैढ़न)।

एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर एवं उद्यमिता विकास प्रशिक्षण संस्थान अहमदाबाद के मध्य एमओयू हस्ताक्षर हुआ है। जिसके तहत परियोजना के आसपास की ग्रामीण महिलाओं को मसाला उत्पादों के लिये 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत 15 मार्च को वीवा क्लब में की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक मानव संसाधन प्रबीर कुमार विश्वास, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन राकेश अरोड़ा, फैकल्टी ईडीआईआई डॉ. अंजनी के. सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन पंकज वशिष्ठ, सचिव सुहासिनी संघ श्रीमती सरोज, श्रीमती गार्गी सचिव वेलफेयर के साथ-साथ सीएसआर टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं स्व सहायता समूह का निर्माण कर मसाला उत्पाद सामग्री को मार्केट में बिक्री करने आदि का संपूर्ण प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत एजेंसी द्वारा मसाला प्रोडक्शन यूनिट की स्थापना कर मार्केटिंग हेतु डिजिटल प्लेटफार्म भी प्रदान किया जायेगा।